लखनऊ, शनिवार, 26 जनवरी 2019

दैनिक जागरण

जागरण सिटी

लखनऊ

गोमती नगर

www.jagran.com

वार्ड ऐसा बने कि रुतबा अलग दिखे

स्वच्छता : गोमतीनगर के राजीव गांधी नगर वार्ड के निवासी चाहते हैं अब कुछ ऐसा करना

जागरण संवाददाता, लखनऊ : मेहनत की जाए तो सफलता मिलती ही है और फिर आगे बढ़ने की इच्छा भी हो जाती है। राज्य स्तरीय वार्ड स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में प्रदेश में तीसरा और लखनऊ में पहला स्थान पाने वाले गोमतीनगर के राजीव गांधी नगर वार्ड (द्वितीय) के निवासी अब कुछ ऐसा करना चाहते हैं, जिससे वह फिर से मिसाल बन सकें। सरकार से इनाम के तौर पर मिली सात लाख की रकम का उपयोग सफाई कार्य में ही किया जाएगा और वार्ड के निवासी दस लाख खुद से एकत्र करेंगे।

इनाम मिलने का श्रेय यहां के निवासी अपने ऊपर ही नहीं ले रहे, बल्कि सफाई कर्मचारियों को भी उसका हकदार बता रहे हैं। 14 जनवरी को सड़क व नालियों की सफाई करने वाले 80 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तो सीवर सफाई करने वाले और घर घर से कूड़ा एकत्र करने वाले सफाई कर्मचारी भी सम्मानित हुए। हर कर्मचारी को ट्रैक शूट, जूता मोजा और कैप दिया गया।

वार्ड के पार्षद अरुण तिवारी और स्वच्छता समिति के अध्यक्ष बीआर सिंह कहते हैं कि वार्ड के लोगों ने ही सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने की पहल की थी और सहयोग राशि भी दी थी। अब निर्णय लिया गया है कि राज्य स्तरीय वार्ड स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में इनाम राशि का उपयोग सफाई में ही किया जाएगा। वार्ड के निवासी भी दस लाख खर्च करेंगे।

यूपी में हर निगम के वार्ड राज्य स्तरीय वार्ड स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में शामिल हुए थे। प्रदेश में तीसरे और लखनऊ में पहले स्थान पर रहने वाले इस वार्ड में सफाई सिर्फ नगर निगम के भरोसे ही नहीं थी, बल्कि यहां के निवासी खुद भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करते थे। स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के वार्ड अध्यक्ष डा.बीआर सिंह कहते हैं कि सबके सहयोग से ही यह सफलता मिली है और अगली बार हम यूपी में नंबर वन बनेंगे।

दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 से पहले सरकार वार्ड स्तर पर राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा कराकर यह जानना चाहती थी कि हम सफाई में कितना आगे बढ़ पाए हैं। इसी के तहत लखनऊ के सभी 110 वार्डों में प्रतिस्पर्धा हुई। गोरखपुर नगर निगम के दो अधिकारियों ने वार्डों की सफाई व्यवस्था का आंकलन किया। आंकलन में कूड़ा प्रबंधन कैसा है? कूड़े की छंटाई हो रही है कि नहीं? खुले में शौच का प्रतिशत कितना है? मुख्य बाजारों में रात्रि सफाई के अलावा पार्कों में कूड़े से खाद बनाने के इंतजाम हैं कि नहीं? आदि बिंदु शामिल रहे। वार्ड के पार्षद अरुण तिवारी का कहना है कि वार्ड में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्कों की देखभाल लोग कर रहे हैं।



गोमतीनगर में मनीषा मंदिर के समीप चल रहा कुश्ती प्रतियोगिता स्थल का निर्माण



डॉ. बीआर सिंह, अध्यक्ष, स्वच्छता समिति

अरुण तिवारी, पार्षद

ऐसे बन सकते हैं इनाम के हकदार

- सफाई के वार्ड के हर निवासी को प्रेरित किया गया। कागज के टुकड़ों, फलों के छिलकों, अन्य अनुपयोगी चीजों को निर्धारित जगह फेंकने की सलाह लोगों को दी गई। इससे जगह-जगह कूड़ा न फैलने में सुधार आया।
- पार्कों पर विशेष ध्यान दिया गया। मौसमी फूलों के साथ ही बड़े पेड़ों का रोपण किया गया। इससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिली।
- जाड़ा चालू होते ही धूल और धुआं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।
- सफाई कर्मचारियों को नगर निगम का पट्टा और ट्राली दी गई, जिसमे नगर निगम लिखाया गया। इसका सफाई में काफी लाभ मिला।
- सफाई और कूड़ा उठान को सुबह साढ़े छह बजे से कराया गया। होर्डिंगों को सड़क के पास से हटाकर पैदल चलने वालों को सुविधा दी गई।

अब स्टेडियम बनेगा

गोमतीनगर के निवासियों के लिए राहत की खबर है। यहां मनीषा मंदिर के बगल में पार्क में स्टेडियम बनेगा। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया खेलो योजना से बजट मांगा जा रहा है। राजीव गांधी नगर वार्ड (द्वितीय) के पार्षद अरुण तिवारी कहते हैं कि वर्तमान समय कुश्ती के लिए निर्माण चल रहा है। बजट मिलते ही इंडोर गेम, वॉलीबाल समेत अन्य खेलों के लिए निर्माण कराया जाएगा। केंद्र सरकार की खेलो इंडिया खेलो योजना से बजट मांगा गया है।